Download

UPSC IAS Mains

2019

Optional Exam Paper

"Public Administration – Paper 1"

"Held on 29-09-2019"

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

CS (Main) Exam 2019

वियोज्य DETACHABLE

लोक प्रशासन (प्रश्न-पत्र I)

PUBLIC ADMINISTRATION (Paper I)

निर्धारित समय : तीन घण्टे Time Allowed : Three Hours	अधिकतम अंक : 250 Maximum Marks : 250

प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या 1 और 5 अनिवार्य हैं तथा बाकी में प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. 1 and 5 are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

खण्ड 'A' SECTION 'A'

1. निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिए :
Answer the following in about 150 words each :

1.(a) "लोक प्रशासन का निरंतर पुन: आविष्कार किया जा रहा है, क्योंकि यह प्रसंगाश्रित है।" विस्तार से स्पष्ट कीजिए।
"Public Administration is constantly being reinvented because it is contextual." Elaborate. 10

1.(b) "ब्यूरो विकृति संगठनों में सक्षमता को बदनाम करती है।" व्याख्या कीजिए।
"Bureau pathology denigrates competence in organizations." Explain. 10

1.(c) "यदि कभी लोक प्रशासन का विज्ञान होगा तो निश्चित रूप से उसे मानव व्यवहार की समझ पर आधारित होना आवश्यक होगा।" व्याख्या कीजिए।
"If there is ever to be a science of Public Administration it must derive from an understanding of man's behaviour." Explain. 10

1.(d) "चेस्टर बरनार्ड ने 'दी फंकशंस आफ दी एक्जीक्यूटिव' में संगठन के अध्ययन में 'सामाजिक' को समाविष्ट किया था। इस संदर्भ में स्पष्ट कीजिए कि कार्यपालक से किस प्रकार, प्रबंधक की तुलना में, बहुत अधिक बड़ी भूमिका निभाने की अपेक्षा की जा सकती है।"
"Chester Barnard in 'The Functions of the Executive' injected 'the social' in the study of organization. Explain in this context how the executive is expected to play a much greater role than a manager." 10

1.(e) "प्रत्यायोजित विधान कार्यपालिका के हाथ में, उसकी उपयोगिता के बावजूद एक रणनीतिक साधन बन गया है।" टिप्पणी कीजिए।
"Delegated legislation has become a strategic tool in the hands of the executive despite its utility." Comment. 10

2.(a) "शासन सरकार की सभी बीमारियों का न तो एक प्रतिमान है और न ही सरकार की सभी विकृतियों की सर्वरोगहर औषध है। जब सार्वजनिक सेवाओं को प्रदान करने वाली अन्य विधियों के असफल होने की स्थिति में, यह एक अधिक उपयोगी उपागम हो सकता है।" समालोचनापूर्वक मूल्यांकन कीजिए।
"Governance is neither a paradigm nor a panacea for all the ills of government. It may be a more useful approach when other methods fail in providing public service." Critically evaluate. 20

2.(b) 'सुशासन' की संकल्पना के प्रवेश के साथ, लोक प्रशासन के शास्त्र ने अपने राजकीय चरित्र को झाड़ दिया है। व्याख्या कीजिए।
With the entry of the concept of 'good governance' the discipline of Public Administration has shed its statist character. Explain. 15

2.(c) क्या नव लोक प्रबंधन लोक तान्त्रिक राज्य-व्यवस्था को प्रोन्नति करने में असफल रहा है ? व्यक्ति के, एक नागरिक के रूप में और एक ग्राहक के रूप में संदर्भों में, विश्लेषण कीजिए।
Has New Public Management failed in promoting a democratic polity ? Analyse in the contexts of individual as a citizen and individual as a customer. 15

3.(a) "वैश्वीकरण ने कार्पोरेट शक्ति संरचना को सुरक्षित रखने एवं लाभ पहुंचाने के लिए, प्रशासनिक राज्य का निर्माण किया है।" चर्चा कीजिए कि किस प्रकार बहुराष्ट्रीय निगम समकालीन युग में सरकार और लोक प्रशासन को प्रभावित करते हैं ?
"Globalization has constructed the administrative state to save and serve corporate power structure." Discuss how transnational corporations impact government and public administration in the contemporary era. 20

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

3.(b) "लाल बत्ती और हरी बत्ती थियोरियां प्रशासनिक विधि की भूमिका के बारे में विपरीत उपागम प्रदान करती हैं।" प्रशासनिक विधि के उद्देश्यों को प्राप्त करने में दोनों में से कौन सी थियोरी प्रभावी होगी ? अपनी पसंद को सही ठहराइए।

"Red light and Green light theories provide contrasting approaches to the role of administrative law." Which of the two theories will be effective in achieving the objectives of administrative law ? Justify your choice. 15

3.(c) "विनियामक शासन प्रणालियों का आगमन मध्यस्थ राज्य की समाप्ति को सूचित करता है।" टिप्पणी कीजिए।

"The advent of the regulatory regimes indicates the demise of the arbitrator state." Comment. 15

4.(a) संगठन की आकस्मिकता थियोरी 'बाह्य फिट' एवं 'आंतरिक फिट' की अन्योन्य क्रिया पर आधारित है। चर्चा कीजिए।

Contingency theory of organization is founded on the interplay of 'external fit' and 'internal fit'. Discuss. 20

4.(b) मेरी पार्कर फोलेट ने सरकारी तंत्र की संघटना को समझने की राह के दौरान, कारोबार और उद्यम के आधारिक मूल्यों का पता लगाया। टिप्पणी कीजिए।

Mary Parker Follett traced the foundational value of business and enterprise on her way to understand the organism of governmental machinery. Comment. 15

4.(c) "मीडिया, चतुर्थ संपदा शृंखलित स्थिति में है।" सरकारी जवाबदेही के संदर्भ में, इस कथन का परीक्षण कीजिए।

"Media, the fourth estate, is in chains." Examine the statement in the context of governmental accountability. 15

खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिए :

Answer the following in about 150 words each :

5.(a) संविदात्मकता नवउदारवादी ताकतों की एक पसंदीदा नीति बन गई है परन्तु यह विवाद के अपने हिस्से के बिना नहीं है। तर्क दीजिए।

Contractualism has become a favourite policy of the neoliberal forces, but not without its share of controversy. Argue. 10

5.(b) अपने संभ्रांत चरित्र और पश्चिम केन्द्रित अभिविन्यास को त्यागने में विफलता के कारण, तुलनात्मक लोक प्रशासन के पतन की स्थिति बन गई है। व्याख्या कीजिए।

The failure to discard its elitist character and west-centric orientation has led to the decline of Comparative Public Administration. Explain. 10

5.(c) "सार्वजनिक नीति निर्माण में 'अधिकतम सामाजिक लाभ' एक आकर्षक लक्ष्य है, जो व्यवहार में कभी-कभार पाया जाता है।" चर्चा कीजिए।

"Maximum social gain" in public policy making is an attractive goal which is rarely found in practice. Discuss. 10

5.(d) सूचना का एक संकीर्ण दृष्टिकोण, संगठनों में प्रबंधन सूचना प्रणाली (एम आई एस) के सफल कार्यान्वयन के रास्ते में अड़चन पैदा करता है। विश्लेषण कीजिए।

A narrow view of information comes in the way of successful implementation of MIS in organizations. Analyse. 10

5.(e) क्या ई-शासन के फलस्वरूप वि-अधिकारी तंत्रीकरण और विकेन्द्रीकरण हुआ है ? अधिकारी तंत्रीय निष्क्रियता पर इसके प्रभाव का आकलन कीजिए।

Has e-governance led to debureaucratization and decentralization ? Assess its impact on bureaucratic inertia. 10

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

6.(a) "विकास की गतिकता एक दुविधा द्वारा चिह्नित है : विकास की संकल्पना में एक अंतर्निहित सहभागी अभिविन्यास होता है लेकिन विकास की क्रिया अंतर्निहित रूप से बहिष्कारवादी बनी रही है।" व्याख्या कीजिए।

"Development dynamics is marked by a dilemma : the concept of development has a built-in participatory orientation but the practice of development has been inherently exclusionary." Discuss. 20

6.(b) निष्पादन मूल्यांकन की एक अधिक प्रभावी प्रणाली में, व्यक्तिनिष्ठ तत्वों को स्वीकार किया जाना चाहिए और उसको वस्तुनिष्ठ कसौटियों के प्रति कम आसक्त होना चाहिए। विस्तारसे समझाइये।

A more effective system of performance appraisal should acknowledge the subjective elements in it and be less obsessed with the objective criteria. Elucidate. 15

6.(c) क्या विलियम नस्कैनन का 'बजट अधिकतमीकरण माडल' आज भी प्रासंगिक है ? तर्क दीजिए।

Is William Niskanen's "Budget Maximising Model" relevant today ? Argue. 15

7.(a) निष्पादन मापन एक उभरता हुआ मुद्दा बना हुआ है, लेकिन यह अनन्य रूप से धन के उपयोग के अनुवीक्षण और आकलन तक सीमित कर दिया गया है। इस कथन के प्रकाश में, सार्वजनिक क्षेत्रक संगठनों का मूल्यांकन करने के लिए निष्पादन मापन के विभिन्न अवित्तीय प्राचलों पर चर्चा कीजिए।

Performance measurement remains an emerging issue but it is relegated to exclusively monitor and assess the use of funds. In light of the statement discuss various non-financial parameters of performance measurement to evaluate public sector organizations. 20

7.(b) प्रशासनिक नैतिकता के आदेशक आवश्यक रूप से सरकारी पदधारियों के तर्क कि "मैं केवल आदेशों का पालन कर रहा था" का प्रतिकारक हैं। व्याख्या कीजिए।

The imperatives of administrative ethics are necessarily an antidote to "I was only obeying the orders" argument by public officials. Explain. 15

7.(c) उत्तर-उदारीकरण काल के कर सुधारों में, परिवर्तन के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा कीजिए। इस संदर्भ में प्रत्यक्ष कर सुधार के महत्व को आप किस प्रकार उचित सिद्ध करते हैं ?

Discuss the major areas of change in the Tax-Reforms of the post liberisation era. How do you justify the importance of the direct tax reform in this context ? 15

8.(a) सामाजिक असमानता और स्त्री-पुरुष असमानता के द्वारा चिह्नित समाज में, स्वयं सहायता समूहों का सीमांत भूमिका निभाना अवश्यंभावी है। क्या आप सहमत हैं ? अपने उत्तर के पक्ष में कारण बताएं।

In a society marked by social inequity and gender inequality women self-help groups are bound to play a marginal role. Do you agree ? Give reasons for your answer. 20

8.(b) उत्पादकता पर बढ़ते हुए ज़ोर दिए जाने के युग में कार्य अध्ययन, प्रशासकों के लिए आगे की राह दिखाता है। इस कथन के प्रकाश में, कार्य अध्ययन की सकारात्मक विशेषताओं की पहचान कीजिए।

In the era of increasing stress on productivity work study provides the road ahead for the administrators. Identify the positive attributes of work study in the light of the statement. 15

8.(c) योग्यता आधारित, निष्पक्ष और वस्तुनिष्ठ सिविल सेवा की अनुपस्थिति में, एक अधिक पक्षपात पूर्ण और भ्रष्ट सरकार का उदय होगा। क्या यह कथन न्यायसंगत है ? कारण बताइये।

In the absence of a merit-based, fair and objective civil service a more partisan and corrupt government will emerge. Is the statement justified ? Give reasons. 15

Dhyeya IAS Now on Telegram

Join Dhyeya IAS Telegram Channel from link the given below

https://t.me/dhyeya_ias_study_material

नोट : पहले अपने फ़ोन में टेलीग्राम App Play Store से Install कर ले उसके बाद लिंक में क्लिक करें जिससे सीधे आप हमारे चैनल में पहुँच जायेंगे।

You can also join Telegram Channel through our website

www.dhyeyaias.com

www.dhyeyaias.in

ध्येय IAS
most trusted since 2003

Address: 635, Ground Floor, Main Road, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi 110009
Phone No: 011-47354625/ 26 , 9205274741/42, 011-49274400

Subscribe Dhyeya IAS Email Newsletter
(ध्येय IAS ई-मेल न्यूजलेटर सब्स्क्राइब करें)

जो विद्यार्थी ध्येय IAS के व्हाट्सएप ग्रुप (Whatsapp Group) से जुड़े हुये हैं और उनको दैनिक अध्ययन सामग्री प्राप्त होने में समस्या हो रही है | तो आप हमारेईमेल लिंक Subscribe कर ले इससे आपको प्रतिदिन अध्ययन सामग्री का लिंक मेल में प्राप्त होता रहेगा | **ईमेल से Subscribe करने के बाद मेल में प्राप्त लिंक को क्लिक करके पुष्टि (Verify) जरूर करें अन्यथा आपको प्रतिदिन मेल में अध्ययन सामग्री प्राप्त नहीं होगी |**

नोट (Note): अगर आपको हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम में अध्ययन सामग्री प्राप्त करनी है, तो आपको दोनों में अपनी ईमेल से Subscribe करना पड़ेगा | आप दोनों माध्यम के लिए एक ही ईमेल से जुड़ सकते हैं |



ध्येय IAS
most trusted since 2003
Address: 635, Ground Floor, Main Road, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi 110009
Phone No: 011-47354625/ 26 , 9205274741/42, 011-49274400